आज का मौसम
अधिकतम 34° C
न्यूनतम 27° C
सूर्य अस्त (आज) 7:23
सूर्य उदय (कल) 5:29

दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 289 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8
मंगलवार 7 जुलाई 2026
RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com

**अनमोल वचन**

"अगर धन दूसरों की भलाई करने में काम आए, तो इसका कुछ मूल्य है अन्यथा ये सिर्फ बुराई का एक ढेर है और इससे जल्दी छुटकारा मिल जाए, उतना बेहतर है।"

## संक्षिप्त न्यूज

### इंडोनेशिया पहुंचे पीएम मोदी, जकार्ता हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने किया स्वागत



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार शाम इंडोनेशिया के जकार्ता पहुंचे। जकार्ता हवाई अड्डे पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ श्री मोदी का भव्य स्वागत किया। इंडोनेशिया में भारतीय राजदूत और भारतवंशी समुदाय के अनेक सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।
एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया ने 2018 में अपने संबंधों का स्तर बढ़ाकर व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया जिससे लोगों को लाभ हुआ है।

## श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय का इस्तीफे स्वीकारा, कृष्ण मोहन अंतरिम महासचिव बने



अयोध्या(एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं। दोनों ने राम मंदिर में दान राशि में कथित गड़बड़ी के मामले में नाम सामने आने के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया था।
आज शाम अयोध्या में हुई बैठक के बाद ट्रस्ट ने नए महासचिव की नियुक्ति तक कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव बनाया है। ट्रस्ट ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति का भी फैसला किया है। इसके लिए 3 सदस्यीय समिति बनाई गई है, जो उपयुक्त नामों की सिफारिश करेगी। बैठक के बाद ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि और अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने संवाददाताओं को संबोधित किया।
गोविंद देव गिरि ने कहा कि पूरे मामले में किसी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ट्रस्ट ने दान में मिले आभूषण और अन्य कीमती वस्तुओं को भी मीडिया के सामने प्रदर्शित किया। ट्रस्ट का कहना है कि दान में मिली सभी वस्तुएं सुरक्षित हैं और उनका पूरा लेखा-जोखा उपलब्ध है। इच्छुक लोग ट्रस्ट से इनका विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने कहा कि इस विवाद से ट्रस्ट की छवि को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि करोड़ों राम भक्तों की राम मंदिर में आस्था पहले की तरह बनी हुई है और कथित दान गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद भी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 6 देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों के परिचय-पत्र स्वीकार किए



नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 6 देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों के परिचय-पत्र स्वीकार किए।
मोजाम्बिक के उच्चायुक्त अरमांडो पेड्रो मुइयुआने जूनियर, निकारागुआ की राजदूत नदेस्का इमारा काथबर्ट कार्लसन, सूरीनाम की राजदूत हनीशा जयराम, गैबोनी गणराज्य के उच्चायुक्त अह्रेलियन-मार्सेल मिंत्सा न्गुएमा, मंगोलिया के राजदूत डॉक्टर उलजीत लुवसानजाव और बहामास के उच्चायुक्त पीटर निकोलस साइमनट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने-अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए।

## सरकार निधि जुटाने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी करेगी: आरबीआई

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि भारत सरकार निधि जुटाने के लिए 10 जुलाई को 32 हजार करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी करेगी, जिसका निपटान 13 जुलाई को निर्धारित है।
नीलामी में दो सरकारी प्रतिभूतियों का पुनरू निर्गमन शामिल है। 21 हजार करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए 6.36 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2031 और 11 हजार करोड़ रुपये के लिए 7.71 प्रतिशत जीएस 2066 हैं।
सरकार ने आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक प्रतिभूति के लिए 2 हजार करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता स्वीकार करने का विकल्प भी अपने पास रखा है। आरबीआई के अनुसार, नीलामी मुंबई कार्यालय के माध्यम से बहु-मूल्य पद्धति का उपयोग करके आयोजित की जाएगी। प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों प्रकार की बोलियां 10 जुलाई को आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा की जाएंगी।
आरबीई ने कहा कि ये प्रतिभूतियां न्यूनतम 10 हजार रुपये के निवेश पर जारी की जाएंगी, जिसमें गैर-प्रतिस्पर्धी खंड के तहत आवंटन पात्र खुदरा निवेशकों और संस्थानों के लिए उपलब्ध होंगे। व्यक्तिगत निवेशक आरबीआई रिटेल डायरेक्ट पोर्टल के माध्यम से भाग ले सकते हैं।
यह नीलामी सरकार के बाजार से पैसा जुटाने के कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य संप्रभु ऋण उपकरणों के निर्गमन के माध्यम से अपने व्यय को वित्तपोषित करना है।

## ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई की अंतिम यात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



ईरान(एजेंसी)। ईरान की राजधानी तेहरान में सोमवार का पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। खामेनेई और उनके परिवार के सदस्यों का पार्थिव शरीर एक विशेष वाहन पर रखा गया है। वाहन को एक इमाम की दरगाह की जालीदार बनावट की तरह सजाया गया है। इन लोगों की 28 फरवरी को इस्राएल और अमरीका की ओर से किए गए हमलों में मृत्यु हो गई थी।
अंतिम यात्रा की व्यवस्था संभाल रहे रिवोल्यूशनरी गार्ड के जनरल हसन हसनजादेह ने बताया कि पार्थिव शरीरों को लगभग बारह घंटे तक तेहरान की सड़कों से ले जाया जाएगा। इसके बाद उन्हें मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचाया जाएगा।
शोक की अवधि के दौरान प्रशासन ने राजधानी की कई प्रमुख सड़कों को बंद कर दिया है। देश का हवाई क्षेत्र भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और सामान्य जनजीवन पर भी इसका असर पड़ा है। यह शोक शनिवार से शुरू हुआ है और बृहस्पतिवार तक जारी रहेगा। इसके बाद अयातुल्ला अली ख़ामेनेई को उनके जन्मस्थान मशहद स्थित इमाम रजा की दरगाह में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया जाएगा।
इस बीच, ईरान संघर्ष को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए अमरीका के साथ बातचीत भी जारी रखे हुए है।

# तेहरान में अली खामेनेई की अंतिम यात्रा शुरू, बड़ी संख्या में लोग शामिल



ईरान(एजेंसी)। ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की अंतिम यात्रा राजधानी तेहरान में दो दिवसीय अंतिम दर्शन के बाद शुरू हुई, जिसमें भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। खामेनेई और युद्ध में मारे गए उनके परिवार के अन्य सदस्यों के ताबूतों को एक ट्रक में ले जाया जा रहा है।ये ताबूत मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक तेहरान की सड़कों से होकर गुजरेंगे। ताबूतों को ले जा रही अंतिम यात्रा आज सुबह तेहरान की सड़कों से शुरू हुई।

# रूस ने कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया




रूस(एजेंसी)। रूस ने सोमवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। यह हमला तुर्किए में होने वाले महत्वपूर्ण नाटो शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले हुआ है, जिसमें अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के शामिल होने की उम्मीद है।
यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने हमले में बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया। तड़के कीव के मध्य भाग में धमाकों की आवाज सुनी गईं। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि दो जिलों में आग लगने या मलबा गिरने से नुकसान होने की सूचना मिली है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोद्यमीर जेलेंस्की ने कल चेतावनी दी थी कि खुफिया जानकारी से संकेत मिले हैं कि रूस बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

# वेनेजुएला में भूकंप से मरने वालों की संख्या 3,342 हुई



वेनेजुएला(एजेंसी)। वेनेजुएला में भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3 हजार 342 हो गई है। 16 हजार 740 लोग घायल हैं और सत्रह हजार से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जहर्ज रोड्रिगेज ने बताया कि विस्थापित और पीड़ित लोगों की सहायता के लिए 80 अस्थायी शिविर स्थापित किए गये हैं। 24 जून को वेनेजुएला में 7 दशमलव 2 और 7 दशमलव 5 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था।


|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
ॐ
श्री हिंन्दू तख्त
सनातन धर्म सेवा संगठन
"धर्म की जड़ें
जितनी गहरी होती हैं,
उतना ही अडिग होता है
हमारा अस्तित्व।"
ॐ
श्री हिन्दू तख्त
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी धनंजय गिरी जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिन्दू तख्त एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा
आप भी हमारे संस्थान से जुड़े
संपर्क 9878910253 / 7889524055
धर्म की रक्षा
हमारा संकल्प
संस्कृति का उत्थान
हमारा उद्देश्य
समाज सेवा
हमारी पहचान
एकता, आस्था,
सेवा, संस्कार
हमारी पहचान

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com मंगलवार, 7 जुलाई 2026

# सम्पादकीय

संपादकीयः संपादक की कलम से

## मानसिक स्वास्थ्यः चुप्पी तोड़ने का समय आ गया है

शारीरिक बीमारी को हम तुरंत स्वीकार कर लेते हैं और डॉक्टर के पास भागते हैं, लेकिन मानसिक उलझनों को हम 'अंदरूनी कमजोरी' मानकर छिपाए रखते हैं। आधुनिक जीवन की प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अपेक्षाओं ने तनाव, चिंता और अवसाद को एक महामारी की तरह फैला दिया है।

**विश्लेषणः** मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में आज भी एक शर्म की भावनामौजूद है। लोग मदद मांगने से डरते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'कमजोर' या 'पागल' समझेगा। यह उपेक्षा अक्सर आत्महत्या या गंभीर मानसिक विकारों का कारण बनती है।स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी है।

**निष्कर्ष :** हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात हो सके। स्कूलों, कॉलेजों और दफ्तरों में काउंसलर्स की उपलब्धता होनी चाहिए। मानसिक समस्या को भी सामान्य शारीरिक बीमारियों की तरह ही देखा जाना चाहिए, न कि चरित्र की कमजोरी के रूप में।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 7 जुलाई 2026, मंगलवार

## आज का पंचांग

तिथि : तृतीया 11:23 नक्षत्र : श्रवण 11:47
करण : विष्टि 11:23 बव : 00:06
पक्ष : कृष्ण योग : विष्कुम्भ 04:59
सूर्योदय : 05:26 सूर्यास्त : 07:23
चन्द्रमा : मकर 00:49
राहुकाल : 10:40 — 12:25
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत : आषाढ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:57 — 12:52

## आज का राशिफल

### मेष राशि
जो भी करें, दिल से करें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

### वृषभ राशि
कार्यस्थल पर जो लोग आप को पसंद नहीं करते थे, वे आप के कार्यों की तारीफ करेंगे।

### मिथुन राशि
तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बेहतर होगा कहीं घूमने चले जायें। आपके अपनों को आप की जरूरत है

### कर्क राशि
अकारण किसी विवाद में फंस सकते हैं। मानसिकता को बदलने की बेहत जरूरत है।

### सिंह राशि
नौकरी बदलने का मन बना चुके हैं। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा।

### कन्या राशि
दिन की शुरुआत में मन उदास रहेगा। किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी

### तुला राशि
विवादित मामलों में विजय प्राप्त होगी। कुछ नया सीखने को मिलेगा।

### वृश्चिक राशि
प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव हैं। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें।

### धनु राशि
नकारात्मक सोच से निराशा मिलेगी। स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं।

### मकर राशि
अपने प्रोफेशन से आप न खुश हैं, समय के साथ स्थिति आप के अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ायेगा।

### कुम्भ राशि
जरूरतमंद लोगों की मदद करें। मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। राजनेतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### मीन राशि
घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमान हो सकता है।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारी:
# मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## विनीत कुमार (ERO) ने विभिन्न राजनीतिक दलों से लिए सुझाव, BLA-2 सूची जल्द देने का किया आग्रह



लुधियाना, 6 जुलाई: विक्की कुमार

आगामी 2027 विधानसभा चुनावों और मतदाता सूची के स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) अभियान के तहत 62-आत्म नगर विधानसभा क्षेत्र के संयुक्त आयुक्त-सह-निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ERO) विनीत कुमार ने सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण (रैशनलाइजेशन) को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की।

### बैठक में शामिल हुए राजनीतिक दल

यह बैठक नगर निगम जोन-ए कार्यालय, माता रानी चौक में आयोजित की गई, जिसमें आम आदमी पार्टी (AAP), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC), शिरोमणि अकाली दल (SAD) और भारतीय जनता पार्टी (BJP) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### बैठक में हुई विस्तार से चर्चा

बैठक के दौरान मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव और फीडबैक भी प्राप्त किया गया, ताकि चुनावी व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके।

### अधिकारी भी रहे उपस्थित

इस अवसर पर इलेक्शन कानूनगो अश्वनी कुमार, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (AERO) संजीव कुमार, अधीक्षक अशोक गर्ग सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर

संयुक्त आयुक्त-सह-ERO विनीत कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार बैठकें आयोजिक की जा रहीं हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और दक्षता सुनिश्चिव की जा सके।

### BLA-2 सूची जल्द देने का आग्रह

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर प्राप्त सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से ब्लॉक लेवल एजेंट-2 (BLA-2) की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है, जिससे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य को और अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।

# बारिश के मौसम को देखते हुए MC कमिश्नर का बड़ा फैसला:
# 5 SDO और 2 JE के बदले चार्ज

## शहरवासियों को सड़कों पर खड़े पानी और गड्ढों से मिल सकती है राहत

लुधियाना, 6 जुलाई (जीत समाचार) -
मानसूव के दौरान शहर की सड़कों पर जलभराव और गड्ढों की बढ़ती समस्या को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अत्कार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। शहर के विमिल्न क्षेत्रों में सड़कों की देखरेख, मरम्मत और रखरखाव ववस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्रेस्य से B&R (बिल्डिंग एंड रोड्स) और O&M (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) शाखा के 5 एसडीओं (SDO) और 2 जेई (JE) के कार्यक्षेत्र एवं जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है।

नगर निगम का मानना है कि इस फेरबदल से बारिश के मौसम में सड़कों पर जलभराव, गड्ढों और टूटी सड़कों से जुड़ी शिकावतों का तेजी से समाथान किया जा सकेगा। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर जाने से गड्ढो दिखाई नहीं देते, जिस्से विशेष रूप से दोपचिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों की नई तैनाती की गई है।



"बेहतर निगरानी और त्वरित कार्रवाई पर रहेगा जोर

नगर निगम प्रशासन का मानना है कि अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में किए गए इस बदलाव से सड़क मरम्मत कार्यों की निगरानी मजतुत होगी। शिकावतों के समाथान में तेजी आएगी और बारिश के दोरान जलभराव एवं गड्ढों जैसी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

### किन अधिकारियों को मिला नया चार्ज?

- **SDO सिमजीत सिंह को जोन-1P की जिम्मेदारी**
  अब वे वाई नंबर 9, 10, 30 तथा 18 मे 51 त्क की सड़कों के रखरखाव, मरम्मत और विकास कार्यों की निगरानी करेंगें।
- **SDO अवतार सिंह को जोन B-8 का नया चार्ज**
  वे अब जोन B-8 में सड़कों के रखरखाव और विकास कार्यो की देखरेख करेंगे।
- **SDO मर्बिंदर सिंह को अतिरिक जिम्मेदारी**
  अपने मौजूदा कार्यभार के साथ उन्हें हांटमिकस प्लांट की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।
- **SDO बलजिंदर सिंह को जोन D-8 की जिम्मेदारी**
  वे जोन D-8 में अधोसंरचना विकास और सड़क मरम्मत कार्यों की निगरानी करेंगे।
- **SDO अंशुल गरया को वार्ड 69 का अतिरिक चार्ज**
  O&M सर्कल के SDO अंशुल गरया को उनके वर्तमान कार्य के साथ वार्ड नंबर 69 का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।
- **JE अंकुश शर्मा को सब-जोन D-8 का चार्ज**
  अकूश शर्मा को सब-जोन D-8 का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं एक अन्य जूनियर इंजीनियर को सब-जोन D-2 की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### वित्त एवं लेखा शाखा में भी बदलाव

डिप्टी कंट्रोलर ऑफ फाइनेंस एंड अकाउंट्स (DCOFA) के पद पर अतिरिक कार्यभार संभाल रहे रोहित की जगह अब पंकज कपूर को यह जिम्मेदारी दी गई है।

पंकज कपूर हाल ही में नगर निगम अमृतसर से स्थानांतरित होकर लुधियाना आए हैं। अब नगर निगम के वित्तीय एवं लेखा संबंधी सभी महत्वपूर्ण कार्य उनकी देखरेख में संचालित होंगे।



### शहरवासियों को होगा लाभ

- जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत
- गड्ढों की मरम्मत होगी समय पर
- दुर्घटनाओं में आएगी कमी, यातायात होगा सुगम

### अब फैसले की होगी असली परीक्षा

कमिश्नर ओजस्वी अलंकार का यह प्रशासनिक निर्णय शहर की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यदि नई जिम्मेदारियों के अनुरूप अधिकारी प्रभावी ढंग से कार्य करते हैं, तो शहरवासियों को बारिश के मौसम में खराब सड़कों, जलभराव और दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं से काफी राहत मिल सकती है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# फुटपाथ पर होटल, सड़क पर पैदल यात्री! सिविल लाइन में अतिक्रमण का खुला खेल, क्या नगर निगम जोन-ए की आंखें बंद हैं?

**कार्रवाई या सिर्फ औपचारिकता? फुटपाथों पर कब्जों ने नगर निगम की व्यवस्था पर खड़े किए गंभीर सवाल**






**लुधियाना | 6 जुलाई 2026 | विक्की कुमार**

लुधियाना के पॉश क्षेत्र सिविल लाइन में जीत समाचार की ग्राउंड रिपोर्ट के दौरान ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिन्होंने नगर निगम जोन-ए के अतिक्रमण हटाओ अभियान की प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। जिन फुटपाथों का निर्माण थैदल यात्रियों की सुविथा और सुरक्षा के लिए किया गया था, वहां होटल का सामान, बड़े-बड़े बर्तन, टेवल-कुर्सियां तथा रसोई से जुड़ी सामग्री रखी हुई मिली। कई स्थानों पर फुटपाथ पूरी तरह व्यावसाविक उपपोग में दिखाई दिए।

## फुटपाथ या होटल का विस्तार?

मौके पर देखा गया कि फुटपाथ पर बर्तन थोएजा रहे थे, भोजन तैयार करने का सामान रखा हुआ था तथा टेबल-कुर्सियां भी बाहर लगी हुई थीं। इसके कारण पैदल चलने वाले लोगों को मजबूर होकर सड़क पर चलना पड़ा, जिससे दुर्सटना की आशंका बढ़ गई। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि किसी दिन कोई हादसा हो जाता है तो उसकी जिन्मेदारी किसकी होगी?

## क्या प्रभावशाली क्षेत्रों में नियमों का पालन नहीं कराया जाता?

अक्सर नगर निगम द्वारा छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जातिहै है। लेकिन यदि सिविल लाइन जैसे प्रमुख क्षेत्र में लंबे समय से फुटपाथों पर व्यावसाविक कब्जे बने हुए हैं, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कानून और नियम सभी के लिए समान रूप से लागू होते हैं या नहीं?

## क्या कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है?

जब जीत समाचार ने इस संबंध में नगर निगम जोन-ए के तहबाजारी निरीक्षक से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि समय-समय पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाता है तथा जल्द ही दोबारा कार्रवाई की जाएगी। हालांकि यह सवाल अब भी बना हुआ है कि यदि अभियान नियमित और प्रभावी हैं, तो ऐसे अवैध कब्जे बार-बार कैंसे दिखाई दे रहे हैं?

## जनता के सवाल

- क्या फुटपाथ अब पैदल यात्रियों केलिए नहीं बचे हैं?
- क्या नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है?
- क्या सिविल लाइन जैसे क्षेत्रों में कुछ लोगों को नियमों से छूट मिली हुई है?
- यदि लोगों को सड़क पर चलना पड़े, तो फुटपाथ बनाने का उद्देश्य क्या रह जाता है?

## तहबाजारी निरीक्षक का पक्ष

नगर निगम जोन-ए के तहबाजारी निरीक्षक ने कहा कि विभाग समय-समय पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाता है और शीघ्र दोवारा कार्रवाई की जाएगी। हालांकि स्थानीव लोगों का कहना कि यदि अभियान वास्तव में प्रभावी है, तो ऐसे कब्जे बार-बार क्यों दिखाई देते हैं? लोगों का यह भी कहना है कि कार्रवाई केवल कुछ समय के लिए होती है और उसके वाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

## जीत समाचार की मांग

जीत समाचार मांग करता है कि पूरे मामले की निम्पक्ष जांच कराई जाए। यदि किसी भी स्थान पर अवैध अतिक्रमण पाया जाता है, तो सांबधित लोगों के खिलाफ नियमानुतार कठोर कार्रवाई की जाए। यदि जांच में नगर निगम के किसी अधिकारी की लापरवाही, उदासीनता या मिलीभगत सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी विभागीय तथा कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

## जीत समाचार की नजर

अब देखना यह होगा कि नगर निगम इस मामले में ठोस और स्थायी कार्रवाई करता है या फिर फुटपाथों पर अतिक्रमण का यह सिलसिला पहले की तरह जारी रहता है। आखिरकार, सार्वमतिक फुटपाथ नागरिकों की सुविथा और सुरक्षित आवागमन के लिए बनाए जाते हैं, न कि किसी निजी व्यवसाय के विस्तार के लिए।

**साफ शहर, सुरक्षित शहर – यही है हमारा अधिकार**

Follow us: /jeetsamachar

समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें: 88784000009

# कोहिनूर डायमंड क्लब ने दस्तार प्रतियोगिता आयोजित की

जीत समाचार लुधियाना(यादविंदर सिंह)।कोहिनूर डायमंड क्लब ने न्यू जनता नगर के एटीआई रोड पर स्थित गुरुद्वारा खुहीसर साहिब में दस्तार (पगड़ी बांधने) की प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता से पहले, बच्चों को 8 जून से 4 जुलाई तक हर शाम दस्तार बांधने की ट्रेनिंग दी गईय लगभग 100 बच्चों ने यह हुनर सीखा और कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता 5 जुलाई की शाम 5:30 बजे हुई, जिसके बाद कीर्तन का आयोजन किया गया।

पूर्व विधायक सरदार सिमरजीत सिंह बैंस मुख्य अतिथि के तौर पर इस दस्तार मुकाबले की प्रतियोगिता में शामिल हुए और जीतने वाले बच्चों को इनाम बांटे। इस कार्यक्रम के दौरान 18 बच्चों को इनाम, सर्टिफिकेट और मेडल दिए गए। पूरे कार्यक्रम का आयोजन हेड कोच सरदार गुरमीत सिंह ने किया था। सरदार गुरमीत सिंह की तरफ से सरदार सिमरजीत सिंह बैंस और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सम्मान भी किया गया कोच सरदार गुरमीत सिंह ने बताया कि कोहिनूर एकेडमी पिछले 13 सालों से गुरुद्वारा खुहीसर साहिब में यह कैंप आयोजित कर रही है।



वाहेगुरु की कृपा से हम यह सेवा जारी रखेंगे,और हमारी एकेडमी का एकमात्र उद्देश्य ज़्यादा से ज़्यादा सिख बच्चों को पगड़ी और सिख जीवन-शैली से जोड़ना है।

# बैजनाथः कौशल विकास भत्ता योजना जल्द शुरू करने की मांग, छात्रों ने विधायक किशोरी लाल को सौंपा ज्ञपन




जीत समाचार बैजनाथ (ब्यूरो)।बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कंप्यूटर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के प्रति आवाज बुलंद की है। सोमवार को युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने कौशल विकास भत्ता योजना को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक किशोरी लाल के कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा।मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों ने योजना बंद होने या देरी से चलने के कारण आ रही अपनी समस्याओं और भविष्य की अपेक्षाओं से विधायक को विस्तार से अवगत कराया।

छात्रों की एकजुटताः बैजनाथ क्षेत्र के विभिन्न वोकेशनल और कंप्यूटर सेंटर्स के सैकड़ों छात्र इस मांग को लेकर इकट्ठा हुए।


शीघ्र बहाली की मांगः युवाओं का कहना है कि यह भत्ता उनके व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास में बेहद मददगार साबित होता है, इसलिए इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए।

विधायक का त्वरित आश्वासनरू विधायक किशोरी लाल ने छात्रों की सभी समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों को संबंधित विभाग तथा प्रदेश सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा।

विधायक किशोरी लाल का बयानः विधायक ने छात्रों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि सभी पात्र विद्यार्थियों को कौशल विकास भत्ता योजना का लाभ बिना किसी देरी के मिल सके। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहाः युवा शक्ति हमारे प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत और भविष्य है। उनके हितों की रक्षा, कौशल विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव प्रयास करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार युवाओं के साथ खड़ी है और उनकी राह में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी।

20 Koli Samaj Kalyan, Kangra 22
TRUST / NGO
Reg. No. 414/2022
कोली समाज कल्याण काँगड़ा
ट्रस्ट / एन. जी. ओ. (पंजीकृत संख्या 414/2022)
नर सेवा नारायण सेवा
अर्थात मानवता से प्यार करना ही भगवान से प्यार करना है।
मुख्य कार्यालय :
गांव इंदिरा कालोनी डाकघर पंचरुखी
तहसिल पालमपुर जिला काँगड़ा हिमाचल प्रदेश
मोबाईल नं. 9418997693, 9857812747

# पटलांदर के गांव अंसला के 33केवी विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री



जीत समाचार हमीरपुर। उपमंडल सुजानपुर के पटलांदर क्षेत्र के गांव अंसला में नवनिर्मित 33 केवी विद्युत सब स्टेशन मंगलवार 7 जुलाई को जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंगलवार सुबह करीब 11 बजे शिमला से ऑनलाइन माध्यम से इस विद्युत उपकेंद्र का विधिवत लोकार्पण करेंगे। इससे क्षेत्र की 16 पंचायतों की वोल्टेज समस्या का स्थायी समाधान होगा। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड ने इस उदघाटन समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# लंबागांव में नवनिर्वाचित प्रधानों और सचिवों की बड़ी बैठक, बीडीओ ने दिए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



जीत समाचार लंबागांव(रवि कुमार)। विकास खंड लंबागांव के सभागार में नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत प्रधानों और पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी सिकंदर ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को गति देना और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को धरातल पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के तौर-तरीके सिखाना था।

बैठक की मुख्य बातें और निर्देश इस प्रकार हैं विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोरः

धरातल पर कामः खंड विकास अधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित प्रधानों और सचिवों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और विकास योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

कार्यों में पारदर्शिताः ग्रामीण स्तर पर होने वाले सभी विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरतने और तय समय सीमा के भीतर काम पूरा करने पर बल दिया गया।

नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को मार्गदर्शनः बैठक में जनप्रतिनिधियों को पंचायती राज के नियमों और विकास बजट के सही इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

टीम भावना से होगा पंचायतों का विकासःबीडीओ सिकंदर ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए प्रधान और पंचायत सचिव एक टीम की तरह काम करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# शिमला में सूखे पेड़ ने मचाई तबाही, ट्रैफिक पुलिस की अपील खराब मौसम में पेड़ों के नीचे न पार्क करें वाहन



जीत समाचार ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के चामियाना रोड पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहाँ रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक सूखा पेड़ अचानक भरभरा कर सड़क पर गिर गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से बच गया। हालांकि, सड़क किनारे खड़े चार वाहन इस पेड़ की चपेट में आने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस शिमला और संबंधित विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। सड़क पर गिरे पेड़ को कटर की मदद से काटकर हटाने और यातायात को जल्द से जल्द सामान्य करने के लिए युद्ध स्तर पर राहत कार्य शुरू कर दिया गया है।

ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन की अपील: पेड़ों के नीचे न खड़ी करें गाड़ियांः ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता और पर्यटकों से पुरजोर अपील की है कि बारिश और तेज हवाओं के दौरान सूखे या कमजोर पेड़ों के नीचे अपने वाहन बिल्कुल भी पार्क न करें।

सफर के दौरान बरतें सतर्कता: वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम के मिजाज को देखते हुए पहाड़ी रास्तों पर पूरी सतर्कता के साथ गाड़ी चलाएं और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

जीत समाचार नोटः मानसून के इस मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में पेड़ों के गिरने और भूस्खलन का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक जोखिम उठाने से बचें और यात्रा करते समय सुरक्षा को सर्वोपरि रखें।

# नगर निगम पालमपुर के सदन की एक महत्वपूर्ण बैठक महापौर राधा सूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।







जीत समाचार पालमपुर (अभिषेक न्यूज एडिटर)। नगर निगम पालमपुर के सदन की एक महत्वपूर्ण बैठक महापौर राधा सूद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष बुटेल मुख्य अतिथि के रूप में विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में उपमहापौर नीलम मलिक सहित नगर निगम के सभी पार्षदों और विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए, जिनका मुख्य विवरण इस प्रकार है।

बैठक के मुख्य निर्णय और चर्चाएं : पेयजल समस्या का समाधानः वार्ड संख्या 2 और 3 में आ रही पानी की किल्लत को दूर करने के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर ठोस रणनीति बनाई गई।

शहर का सौंदर्यीकरण और नए पार्क : पालमपुर को और अधिक सुंदर बनाने के लिए नए पार्कों के विकास और सौंदर्यीकरण को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही आवारा पशुओं की समस्या के स्थाई समाधान पर भी गंभीरता से चर्चा हुई।

स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा : शहर को बेहतर ढंग से रोशन करने के लिए स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था और जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग के सहयोग से संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

आधुनिक पार्किंग व्यवस्थाः पालमपुर में बढ़ते ट्रैफिक और जाम की स्थिति से निपटने के लिए एक आधुनिक और सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था तैयार करने पर बल दिया गया।

तालमेल से होगा शहर का विकासः
बैठक के अंत में विधायक आशीष बुटेल और महापौर राधा सूद ने सभी पार्षदों व अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ काम करने की अपील की, ताकि पालमपुर को स्वच्छ, सुंदर और सर्वसुविधायुक्त शहर बनाया जा सके।

बैठक में नगर निगम आयुक्त नेत्रा मेती, संयुक्त आयुक्त रमेश कुमार, वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता अभिनव सकलानी, अनुभाग अधिकारी अमित कटोच सहित जल शक्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

